Need to construct an over-bridge on N.H. 9 near Sorkhi Village in Hansi Tehsil in Hisar Parliamentary Constituency ? laid

श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार): हिसार लोक सभा क्षेत्र के हांसी तहसील का सोरखी गांव नेशनल हाईवे 9 पर आबाद है जिसकी आबादी लगभग 12000 है। साथ ही उसके आसपास के 10-12 गावों के लोगो का आवागमन सोरखी गांव से होता है और लोग बड़ी संख्या में सोरखी बस स्टैंड से हांसी, हिसार, रोहतक और दिल्ली की ओर रोज़ाना सफर करते हैं। इसके अलावा, एनएच-9 दोनों ओर सरकारी स्कूल, सीएचसी अस्पताल, श्मशान घाट, पुंलिस चौकी, वाटर बॉक्स आदि होने के कारण यहां लोगों को अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए दोनों तरफ से आना जाना रहता है। नेशनल हाईवे संख्या 9 पर वाहनों की तेज़ रफ़्तार तथा गांव के बीच बने बस स्टैंड होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पिछले 6 महीनों में 27 लोग आकस्मिक जान गवां चुके है, साथ ही ग्रामीणों के 50-60 पशु धन अपनी जान गवां चुके है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सार्वजनिक हित एवं नागरिकों की सुरक्षा हेतु हांसी तहसील के गांव सोरखी के निकट नेशनल हाईवे नंबर 9 पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग जाए और दोनों ओर बसी आबादी को आवाजाही में आसानी रहे।